**November 15, 2025**

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, C-1, G Block,
Bandra-Kurla Complex,
Bandra (East), Mumbai – 400 051
**Symbol**: AVG

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400 001
**Scrip Code:** 543910

**Subject: Copy of Newspaper Publication for Un-audited Financial Statements for the Quarter and half year ended September 30, 2025**

**Ref: Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulation, 2015**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, we enclose herewith Newspaper publication in Pioneer (Hindi+ English) for Un-audited financial results for the quarter and half year ended September 30, 2025.

Kindly take the same in your records.

**For AVG Logistics Limited**

AVG Logistics Limited Delhi

**Sanjay Gupta**
**Managing Director**
**DIN: 00527801**


Regd. Office:
25, DDA Market, Savita Vihar,
Delhi-110092
Ph.: 8527494071

AVG LOGISTICS LIMITED
CIN No.: L60200DL2010PLC198327
E-mail: info@avglogistics.com
Website: avglogistics.com

Corporate Office: 102, Ist Floor,
Jhilmil Metro Station Complex,
Delhi-110095 Ph.: 8527291062
+91-11-22124356

### वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए काम कर रही है दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

# हर मुद्दे से निपटने के लिए हमारे पास स्पष्ट नीति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि शहर की समस्याओं के समाधान में समय लग सकता है, लेकिन सरकार के पास प्रत्येक मुद्दे को हल करने के लिए स्पष्ट नीति और दृढ़ इरादा है। वह तेहखंड बस डिपो में स्वचालित परीक्षण स्टेशन के शिलान्यास समारोह में बोल रही थीं। गुप्ता ने कहा, सरकार प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए काम कर रही है। हम इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखा रहे हैं और इस परीक्षण केंद्र की आधारशिला रख रहे हैं।

हम झुलझुली और बुराड़ी परीक्षण इकाइयों की क्षमता बढ़ा रहे हैं। नंद नगरी में भी एक परीक्षण केंद्र बनाया जा रहा है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने उन पर ढेरों समस्याएं छोड़कर जाने का आरोप लगाया। गुप्ता ने कहा, वे हमसे प्रदूषण पर सवाल पूछते हैं। दिल्ली में 15 साल और 11 साल तक चलने वाली सरकारें कहां हैं? पिछली सरकार ने अपने कार्यकाल में 2,000 बसें खरीदीं, जबकि भाजपा सरकार ने सिर्फ. आठ महीनों में दिल्ली में 1,350 इलेक्ट्रिक बसें ला दी हैं। बहरहाल, उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार कूड़े के पहाड़ों से लेकर यमुना के पुनरुद्धार तक सभी मोर्चों पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली की समस्याओं के समाधान में कुछ समय लग सकता है, लेकिन दिल्ली की समस्याओं को हल करने के लिए सरकार की नीति और नीयत स्पष्ट है। इस बीच, गुप्ता ने शुक्रवार को तेहखंड और तुगलकाबाद क्षेत्रों का दौरा कर वहां स्वच्छता अभियान की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि कचरा प्रबंधन निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, आज मैंने दिल्ली में चल रहे व्यापक स्वच्छता अभियान की समीक्षा के लिए तेहखंड और तुगलकाबाद क्षेत्रों का दौरा किया। मैंने प्रस्तावित कचरा संग्रहण स्थलों और स्थायी कम्पैक्टर स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कूड़ा प्रबंधन पूरी मुस्तैदी और समयबद्ध तरीके से किया जाए।

## रेखा गुप्ता ने बिहार की जनता को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना में राजग के बड़ी जीत की ओर बढ़ने के मद्देनजर राज्य के लोगों को विकास का रास्ता चुनने के लिए बधाई दी। एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली और बिहार आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली और बिहार के लोगों को बधाई। रुझान बता रहे हैं कि राजग जीत की ओर बढ़ रहा है... मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। बाद में, पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य ने विकास का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास का रास्ता चुनने के लिए बिहार के लोगों को मेरी ओर से शुभकामनाएं। गुप्ता भाजपा शासित 14 राज्यों में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए राज्य का कई बार दौरा किया था। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बिहार में भारी बढ़त हासिल कर ली है। राज्य की 243 विधानसभा सीटों में से 200 से अधिक सीट पर राजग के उम्मीदवार आगे हैं। शुरुआती रुझानों से यह भी संकेत मिल रहा है कि भाजपा सबसे अधिक सीट जीतने की ओर अग्रसर है।

# 90 प्रतिशत इलाकों में एक्यूआई 400 के पार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

■ नोएडा-गाजियाबाद भी गैस चेंबर में तब्दील

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण ने एक बार फिर खतरनाक स्तर पार कर लिया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के करीब 90 प्रतिशत मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई 400 से ऊपर रिकॉर्ड किया गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। कई इलाकों जैसे रोहिणी, बवाना, आरके पुरम, पंजाबी बाग, अशोक विहार और वजीरपुर में प्रदूषण स्तर 430 से 450 के बीच बना हुआ है, जो फेफड़ों के लिए बेहद घातक माना जाता है।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), आईएमडी और सीपीसीबी के स्टेशनों की रिपोर्ट बताती है कि हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 की मात्रा सामान्य से कई गुना अधिक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक इतनी खराब हवा में कुछ घंटे का एक्सपोजर भी आंखों में जलन, गले में खराश, सांस फूलने और दमा के मरीजों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, बल्कि नोएडा और गाजियाबाद भी घने प्रदूषण की चपेट में हैं। नोएडा के सेक्टर-62, सेक्टर-125, सेक्टर-1 और सेक्टर-116 में एक्यूआई 350 से 390 के बीच दर्ज किया गया। गाजियाबाद के इंदिरापुरम, लोनी, संजय नगर और वसुंधरा में तो प्रदूषण स्तर कई जगह 410 से ऊपर पहुंच गया है। इस समय हवा में नमी, कम हवा की रफ्तार और तापमान में गिरावट के चलते प्रदूषक वातावरण में नीचे ही फंसे हुए हैं, जिससे हालात और बिगड़ रहे हैं।

मौसम विभाग ने साफ किया है कि अगले कुछ दिनों में प्रदूषण से राहत की कोई उम्मीद नहीं दिख रही। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जो स्मॉग के जमाव को और घना करेगा। हवा की गति में सुधार न होने से प्रदूषक हवा में ही लटके रहेंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और डॉक्टरों ने सलाह दी है कि बाहर निकलते समय मास्क का उपयोग अनिवार्य करें, सुबह-शाम की वॉक करने से फिलहाल बचें, बच्चों और बुजुर्गों को अनावश्यक रूप से बाहर न ले जाएं, और घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल बढ़ाएं।

## 1,200 किलोमीटर की तलाश के बाद कार चोर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने कार चोरी के एक मामले में करीब 1,200 किलोमीटर की तलाश के बाद एक व्यक्ति को बिहार के वैशाली से गिरफ्तार कर वाहन बरामद किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने पुलिस के अनुसार, आरोपी चंदन (30) ने अपने सहयोगी आमिर के साथ मिलकर बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब पहुंचाने के लिए चोरी के वाहन का इस्तेमाल करने की कथित तौर पर साजिश रची थी।

दिल्ली के द्वारका स्थित एक पुलिस थाने में 27 सितंबर को कार चोरी की घटना की सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दो लोग उसके पास आए और उन्हें द्वारका छोड़ने की मांग की। वहां पहुंचकर दोनों ने कार चालक पर हमला किया और उसकी कार लेकर फरार हो गए। इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने कई स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली, स्थानीय खुफिया जानकारी एकत्र की और अंततः आगरा के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर चोरी की गई कार की गतिविधि का पता लगाया। अधिकारी ने बताया कि जब तक कार का स्थान पता चला, आरोपी कार लेकर लगभग 500 किलोमीटर आगे निकल चुके थे। उन्होंने कहा, पुलिस की टीम ने लगभग 1,200 किलोमीटर तक तलाशी अभियान चलाया और अंततः बिहार से आरोपी चंदन को गिरफ्तार कर लिया।

## कार ने दो गाड़ियों में मारी टक्कर, एक घायल

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में तेजरफ्तार कार का कहर देखने को मिला, बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार ने दो गाड़ियों को टक्कर मार दी, हादसे में एक राहगीर बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से आरोपी चालक को पकड़कर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात करीब 10 बजे बिहारीपुर गांव स्थित आरएएफ कैंप के सामने सड़क पर हादसा होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो तीन कारें दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिलीं। जांच में पता चला कि एक कार के चालक ने तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए नियंत्रण खो दिया और सामने चल रही दो अन्य कारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक पैदल गुजर रहा व्यक्ति मोहित निवासी बिहारीपुर सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

# मकान मालिक ने की किरायेदार की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




■ फोन हैकिंग और दुर्लभ सिक्कों की चोरी का संदेह

दिल्ली में फोन हैकिंग और दुर्लभ सिक्के चुराने के संदेह में मकान मालिक द्वारा कथित तौर पर किए गए हमले से एक किराएदार की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान इरशाद (31) के रूप में हुई जिसे 11 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया था और वह जिम में टर्मिन इंजेक्शन का इस्तेमाल करने का आदी था जबकि हमले के दौरान भी उसने इसका उपयोग किया हुआ था।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) भीष्म सिंह ने कहा, नौ नवंबर को पीड़ित तमन्ने अपने दो परिचितों के साथ सुभाष प्लेस थाने पहुंचा और आरोप लगाया कि उसके मकान मालिक ने उसकी पिटाई की। वह जल्द ही बेहोश होने लगा और उसे भगवान महावीर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूछताछ के दौरान, पुलिस को पता चला कि मृतक लॉरेंस रोड स्थित एक फैक्टरी में काम करता था और शकूरपुर में रहता था। उसके सहकर्मी नाजिम ने जांचकर्ताओं को बताया कि पीड़ित और उसके साथ कमरे में रहने वाले वीरेंद्र को उनके मकान मालिक इरशाद ने फोन हैकिंग और दुर्लभ सिक्कों की चोरी के संदेह में बुधवार और बृहस्पतिवार तक दो दिन बंधक बनाकर रखा और पीटा। नाजिम ने बताया कि दोनों किसी तरह शुक्रवार सुबह उसके चंगुल से निकलकर भागने में सफल हुए और अपने घर पहुंचे। इसके बाद पेट में दर्द की शिकायत के चलते अगले दो दिनों तक तमन्ने का विभिन्न क्लीनिक में इलाज किया गया। नाजिम ने पुलिस को बताया कि दूसरा पीड़ित वीरेंद्र डर के कारण बिहार स्थित अपने पैतृक गांव भाग गया।

# एटीएम धोखाधड़ी में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

■ 42 लाख से अधिक की नकदी बरामद

दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली जिले में एटीएम धोखाधड़ी में कथित रूप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे 42.57 लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 12 नवंबर को जांचकर्ताओं को जानकारी मिली कि एक संदिग्ध, जिसे पहले सीसीटीवी फुटेज में देखा गया था, फजीर्वाड़ा कर पैसे निकालने के लिए तिलक नगर इलाके में एक एटीएम में वापस आएगा। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध विष्णु गार्डन निवासी सिमरन संधू (48) को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह स्कूटी से आया और एटीएम से नकदी निकालने लगा। पुलिस ने संधू के पास से 50,000 रुपये नकद, तीन एटीएम कार्ड, एक मोबाइल फोन और एक स्कूटर बरामद किया। संधू ने जांचकताओं को बताया कि उसने संजीव अरोड़ा उर्फ सनी और विक्की टंडन द्वारा कथित तौर पर दिए गए फर्जी एटीएम कार्ड का इस्तेमाल करके पैसे निकाले। पुलिस ने बताया कि उसने दावा किया कि उसे हर एटीएम कार्ड से पैसे निकालने पर 1,200 रुपये कमीशन के तौर पर दिए जाते थे। इसके आधार पर पुलिस ने अरोड़ा (51) को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर एटीएम कार्डों का मुख्य संचालक और आपूर्तिकर्ता है। पुलिस ने बताया कि उसके पास से 11 एटीएम कार्ड और 42.07 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। अरोड़ा साइबर अपराध को अंजाम देने वाला आदतन अपराधी है और उसे 2016 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) तथा इस साल की शुरूआत में जबलपुर पुलिस द्वारा साइबर धोखाधड़ी के मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि मोती नगर निवासी विक्की टंडन (44) को भी पैसे निकालने के लिए पर्याप्त बैलेंस वाले बैंक खातों की जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## नकदी और आभूषण चुराने के आरोप में घरेलू सहायक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने एक घरेलू सहायक को नोएडा में अपने नियोक्ता के घर से कथित तौर पर आठ लाख रुपये से अधिक की नकदी और लगभग 16 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह नेपाल भागने की फिराक में था। आरोपी की पहचान नेपाल के मूल निवासी गणेश घरती मगर के रूप में हुई है और एक गुप्त सूचना के बाद उसे आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। मुखबिर ने अपराध शाखा के अधिकारियों को सूचना दी कि दो दिनों से दिल्ली में छिपा आरोपी कश्मीरी गेट से नेपाल जाने वाली बस में सवार होने की योजना बना रहा है। एक टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान, नोएडा में रसोइया और घरेलू सहायक के रूप में काम करने वाले मगर ने 10 नवंबर को अपने मालिक के घर से नकदी और गहनों से भरा एक नीला बैग चुराने की बात कबूल की। पुलिस ने बताया कि उसने 8.25 लाख रुपये नकद और लगभग 16 लाख रुपये के सोने के आभूषण चुराए। पुलिस ने बताया कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और उस पर लगभग 11 लाख रुपये का कर्ज था। अधिकारी ने बताया, आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह चोरी की गई नकदी में से 15,000 रुपये पहले ही खर्च कर चुका है।

AVG LOGISTICS

एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 25, डीडीए मार्केट, सविता विहार, दिल्ली–110092
कॉर्पोरेट कार्यालयः 102, प्रथम तल, झिलमिल मेट्रो कॉम्प्लेक्स दिल्ली–110095
सीआईएनः L60200DL2010PLC198327; ईमेल– praveen@avglogistics.com
वेबसाइटः www.avglogistics.com; फोनः +91 8527291062

30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल और समेकित) का प्रकाशन

कंपनी के निदेशक मंडल ने 13 नवंबर, 2025 को आयोजित बैठक में 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों पर विचार किया और उन्हें अनुमोदित किया।

वित्तीय परिणाम, सीमित समीक्षा रिपोर्ट और निवेशक प्रस्तुति, कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं और नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके इन्हें देखा जा सकता है।

कृते एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड
हस्ताक्षरकर्ता/–
संजय गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डिनः 00527801

दिनांकः 13.11.2025
स्थानः दिल्ली

ADDI INDUSTRIES LIMITED
CIN: L51109DL1980PLC256335
Regd Office: A-104, Third floor, Okhla Industrial area Phase-II, New Delhi-110020
E -Mail : atul.addi@gmail.com & addind@gmail.com; Tel.: +91-11-45025469
Statement of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results For The Quarter and Half Year Ended September 30, 2025

(Rs. in Lakh, except per share data)

| Sr No. | Particulars | Standalone | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30-09-2025 (Unudited) | 30-06-2025 (Unudited) | 30-09-2024 (Unudited) | 30-09-2025 (Unudited) | 30-09-2024 (Unudited) | 31-03-2025 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 134.94 | 137.27 | 136.04 | 272.21 | 268.32 | 537.03 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax and exceptional items) | 95.67 | 106.00 | 101.90 | 201.67 | 202.30 | 413.98 |
| 3. | Net Profit for the period (before Tax, after exceptional items) | 95.67 | 106.00 | 101.90 | 201.67 | 202.30 | 413.98 |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 72.52 | 80.33 | 77.42 | 152.85 | 153.13 | 310.89 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | (1.09) | 0.24 | (0.30) | (0.85) | (0.60) | 0.95 |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face Value Rs.5/- each) | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 |
| 7. | Earnings Per Share (of Rs.5/- each) (Not Annualised) | | | | | | |
| | Basic | 0.67 | 0.74 | 0.72 | 1.42 | 1.42 | 2.88 |
| | Diluted | 0.67 | 0.74 | 0.72 | 1.42 | 1.42 | 2.88 |

Statement of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results For The Quarter and Half Year Ended September 30, 2025

| Sr No. | Particulars | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30-09-2025 (Unudited) | 30-06-2025 (Unudited) | 30-09-2024 (Unudited) | 30-09-2025 (Unudited) | 30-09-2024 (Unudited) | 31-03-2025 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 139.36 | 141.64 | 140.21 | 281.00 | 276.62 | 553.90 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax and exceptional items) | 99.95 | 110.28 | 106.01 | 210.23 | 210.50 | 430.31 |
| 3. | Net Profit for the period (before Tax, after exceptional items) | 99.95 | 110.28 | 106.01 | 210.23 | 210.50 | 430.31 |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 76.14 | 83.96 | 80.93 | 160.10 | 160.12 | 324.81 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | (1.09) | 0.24 | (0.30) | (0.85) | (0.60) | 0.95 |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face Value Rs.5/- each) | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 |
| 7. | Earnings Per Share (of Rs.5/- each) (Not Annualised) | | | | | | |
| | Basic | 0.71 | 0.78 | 0.75 | 1.48 | 1.48 | 3.00 |
| | Diluted | 0.71 | 0.78 | 0.75 | 1.48 | 1.48 | 3.00 |

Notes:
1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on November 14, 2025.The financial results for the quarter and half year ended September 30, 2025 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly financial results is available on the stock exchange websites of BSE (www.bseindia.com) and NSE (www.nseindia.com) and Company's website at http://www.addiindustries.com/
3. There is no change(s) in accounting policies which have impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of Board of Directors
Addi Industries Limited
Sd/-
Chaman Lal Jain
Managing Director; DIN: 00022903

Place : New Delhi
Date : November 14, 2025

MODI RUBBER LIMITED
CIN: L25199UP1971PLC003392, Registered Office: Modinagar - 201204 Dist. Ghaziabad (U.P.), Corporate Office: 4-7C, DDA Shopping Centre, New Friends Colony, New Delhi 110025
Website: www.modirubberlimited.com Email: investors@modigroup.net Phone: +91-11-2684 8416

EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2025

(Amount in Rs. Lacs)

| Sl. No. | Particulars | QUARTER ENDED | | | | | | HALF YEAR ENDED | | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | STANDALONE | | | CONSOLIDATED | | | STANDALONE | | CONSOLIDATED | | STANDALONE | CONSOLIDATED |
| | | 30-Sep-25 Unaudited | 30-Jun-25 Unaudited | 30-Sep-24 Unaudited | 30-Sep-25 Unaudited | 30-Jun-25 Unaudited | 30-Sep-24 Unaudited | 30-Sep-25 Unaudited | 30-Sep-24 Unaudited | 30-Sep-25 Unaudited | 30-Sep-24 Unaudited | 31-Mar-25 Audited | 31-Mar-25 Audited |
| 1 | Total Income from operations (Net) | 92.76 | 105.53 | 79.69 | 780.66 | 709.89 | 650.18 | 198.29 | 150.95 | 1,490.55 | 1,184.47 | 399.61 | 2,920.10 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax and exceptional items) | (435.94) | (425.07) | 1,635.51 | 455.93 | 448.20 | 913.22 | (861.01) | 1,399.36 | 904.13 | 1,653.43 | 304.92 | 2,188.30 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional items) | (435.94) | (425.07) | 1,635.51 | 455.93 | 448.20 | 913.22 | (861.01) | 1,399.36 | 904.13 | 1,653.43 | 304.92 | 2,192.96 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional items) | (439.17) | (378.53) | 1,353.15 | 456.15 | 487.82 | 632.25 | (817.70) | 1,045.99 | 943.97 | 1,310.84 | 235.96 | 2,046.06 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (after tax) | (1,223.31) | 89.93 | 2,863.93 | (574.94) | 965.92 | 2,653.59 | (1,133.38) | 3,494.85 | 390.98 | 4,360.88 | 885.38 | 2,747.88 |
| 6 | Equity Share Capital (Face value of share is Rs. 10/- each) | 2,504.05 | 2,504.05 | 2,504.05 | 2,499.55 | 2,499.55 | 2,499.55 | 2,504.05 | 2,504.05 | 2,499.55 | 2,499.55 | 2,504.05 | 2,499.55 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserves as per Financial Statements of previous year) | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A |
| 8 | Earnings per share (EPS) (of Rs. 10/- each) (Not Annualised) | | | | | | | | | | | | |
| | (a) Basic and Diluted EPS (before exceptional Items) (in Rs.) | (1.75) | (1.51) | 5.40 | 1.82 | 1.95 | 2.52 | (3.27) | 4.18 | 3.78 | 5.24 | 0.94 | 8.17 |
| | (b) Basic and Diluted EPS (after exceptional Items) (in Rs.) | (1.75) | (1.51) | 5.40 | 1.82 | 1.95 | 2.53 | (3.27) | 4.18 | 3.78 | 5.24 | 0.94 | 8.19 |

NOTES:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulations 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the stock exchange website, www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company website www.modirubberlimited.com.
2. The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on November 14, 2025. The Statutory Auditors of the Company have carried out an audit of the aforesaid results.
3. Previous quarter/ year end figures have been rearranged and / or regrouped, wherever necessary, to make them comparable with those of the current quarter/ year end.

By order of the Board
Sd/-
Piya Modi
Whole Time Director
DIN- 03623417

Place : New Delhi
Date : November 14, 2025

## PROSPECT

### Parliamentarians pays floral tributes to Jawaharlal Nehru



Minister of Parliamentary Affairs and Minority Affairs Kiren Rijiju; Leader of Opposition in Rajya Sabha Mallikarjun Kharge, Congress leaders Sonia Gandhi, KC Venugopal, Rajiv Shukla, JP Agarwal, Deputy Chairman, Rajya Sabha Harivansh; Members of Parliament, former Members and other dignitaries paid floral tributes at the portrait of Pandit Jawaharlal Nehru, former Prime Minister, in the Central Hall of Samvidhan Sadan, on his birth anniversary, on Friday.

Secretary General of Lok Sabha Utpal Kumar Singh and Secretary General of Rajya Sabha PC Mody also paid floral tributes on this occasion. The portrait of Pandit Jawaharlal Nehru was unveiled by the then President of India, Dr S. Radhakrishnan, in the Central Hall of Samvidhan Sadan (then Parliament House) on 05 May 1966.




Assam Chief Minister Himanta Biswa Sarma is speaking while inaugurating a new office building for BDO of Ramcharini block, Kamrup Metro

### STAIRS foundation launches swimming programme



The STAIRS Foundation – The Society for Transformation, Inclusion and Recognition through Sports – a National Sports Promotion Organisation (NSPO) recognised by the Ministry of Youth Affairs and Sports, announced today that Rajkumar, Senior Vice President of the Swimming Federation of India, will serve as the discipline mentor for its flagship National Swimming Development Program (NSDP).

The initiative marks a major step in the foundation's mission to transform India's swimming ecosystem from grassroots to the global stage.The National Swimming Development Program aims to establish an inclusive, sustainable and structured pathway for swimmers across India. By integrating advanced coaching techniques, modern training frameworks and access to quality infrastructure, the program seeks to nurture talent capable of competing at the Olympics, World Championships and Asian Games.

# Anil Ambani offers virtual appearance before ED

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi



The Enforcement Directorate (ED) has issued fresh summons to Reliance Group chairman Anil Ambani to appear before it on November 17 in a FEMA case after he skipped his scheduled date on Friday. Ambani offered "virtual means" and officials said the agency rejected his offer to depose through virtual.

In a statement, a spokesperson of the 66-year-old businessman said he has written to the federal probe agency assuring "full cooperation" in the probe.

The agency had asked Ambani to appear before it in person on Friday and get his statement recorded under the Foreign Exchange Management Act (FEMA). The investigation pertains to the Jaipur-Reengus highway project.

In an earlier statement, the ED had said that after recently attaching assets worth ₹7,500 crore belonging to Ambani and his companies under the anti-money laundering law, a search carried out against Reliance Infrastructure Ltd found that an alleged ₹40 crore was "siphoned" from the highway project.

"Funds moved through Surat-based shell companies to Dubai. The trail has unearthed a wider international hawala network exceeding ₹600 crore," the agency had said.

The ED has recorded the statement of various persons, including some alleged hawala dealers, following which they decided to summon Ambani, said officials.

"The matter (FEMA case) is 15 years old, dates to 2010. It concerns issues associated with a road contractor," statement said issued by Ambani Group. In 2010, Reliance Infrastructure Ltd awarded an EPC (engineering, procurement and construction) contract to build the JR Toll Road (Jaipur-Reengus highway), it said.

"This was a purely domestic contract with no foreign exchange component involved whatsoever. The JR Toll Road has been fully completed and from 2021 onwards, has been with the National Highways Authority of India," the statement said, adding that Ambani is not a member of the Board of Reliance Infrastructure.

"He served the company for about 15 years, from April 2007 to March 2022, only as a non-executive director, and was never involved in day-to-day management of the company," it said.

The businessman has once been questioned by the ED in a money laundering case linked to an alleged ₹17,000 crore worth bank fraud against his group companies.

## Jachep Tso adventure trek shows spirit of courage and endurance



PIONEER NEWS SERVICE
Itanagar



The Jachep Tso Adventure Trek was successfully conducted in the high-altitude regions of Eastern Arunachal Pradesh, reflecting the adventurous spirit and unwavering determination of Indian Army personnel.

The expedition aimed to promote physical fitness, endurance and environmental awareness while nurturing a sense of teamwork and self-reliance among participants.

Trekking through rugged mountain terrain and extreme weather conditions, the team demonstrated exceptional resilience and discipline.

The initiative also sought to highlight the importance of adventure activities as a vital component of military training, streng-thening mental robustness and adapt-ability in chall-enging environments.

The trek further reinforced the Army's commitment to promoting adventure sports and fostering a spirit of exploration in the remote and scenic landscapes of Arunachal Pradesh.

Such initiatives not only build character but also inspire local youth towards fitness, environmental conservation and national pride.

During his visit to the region, the General Officer Commanding, Dao Division, lauded the participants for their spirit of adventure and perseverance, commend-ing their efforts in exemplifying the Army's ethos of courage, camaraderie and resilience in every endeavour.




## SSB-Nepal Police Force meeting concludes successfully

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

The 9th Annual Coordination Meeting between the Indian delegation headed by the Director General, Sashastra Seema Bal (SSB), India and the Nepali delegation led by Inspector General, Armed Police Force (APF), Nepal, concluded successfully in New Delhi today, reaffirming the mutual commitment of both nations to further strengthen cross-border security cooperation and coordination.

The Indian delegation was led by Shri Sanjay Singhal, Director General, SSB and comprised senior officials from the Ministry of Home Affairs, Ministry of External Affairs and SSB. The Nepali delegation was headed by Shri Raju Aryal, Inspector General, APF and included representatives from the APF, Nepal Police, National Investigation Department, Nepal and the Embassy of Nepal in New Delhi.

During the meeting, both sides reviewed the implementation status of decisions taken during the 8th Annual Coordination Meeting and assessed the prevailing security scenario along the Indo-Nepal Border (INB). The discussions centered on enhancing intelligence sharing mechanisms and intensifying joint efforts to curb trans-border crimes such as narcotics trafficking, smuggling of wildlife and forest produce, circulation of Fake Indian Currency Notes (FICN) and human trafficking.

Both delegations also deliberated on effective measures to regulate the movement of third-country nationals, address issues related to encroachment in No Man's Land and expedite the repair and maintenance of boundary pillars.

Emphasis was placed on expanding the scope of coordinated patrols, conducting joint training and disaster management exercises and promoting exchange programmes between SSB and APF personnel to foster greater mutual understanding and operational synergy. SSB also reiterated its commitment to extend training and capacity-building support to APF officers in specialised areas of border management.

The meeting concluded with both sides expressing satisfaction over the outcomes and reiterating their resolve to maintain seamless cooperation for ensuring peace and security along the Indo-Nepal Border.

After the successful completion of 9th India-Nepal coordination meeting the Nepali delegation members called on Shri. Govind Mohan, Home Secretary to the Govt. of India. The 10th Annual Coordination Meeting between SSB and APF will be hosted by Nepal in 2026.

## Exhibitors from 11 countries at 14-day ITF

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

Exhibitors and traders from 11 countries including those from Sweden, China and South Korea are showcasing their products at the India International Trade Fair (IITF) which was inaugurated at *Bharat Mandapam* here on Friday.

The 44th edition of the global trade fair will continue until November 27, with the first five days (November 14-18) earmarked as business days for B2B interactions, followed by the days for general public beginning November 19. This trade fair has emerged as one of the biggest events for not only India but for the entire South Asia, Jitin Prasada, Minister of State for Commerce and Industry, said in his address after inaugurating the fair.



Folk artists at the India International Trade Fair, at Pragati Maidan, in New Delhi on Friday

He said this is not just an exhibition but a showcase of India's power, stressing upon its role in supporting MSMEs. Reflecting the vision of Prime Minister Narendra Modi for a "*Viksit Bharat* by 2047", this year's fair is themed "*Ek Bharat, Shreshtha Bharat*".

The theme celebrates India's diversity, entrepreneurial energy and the nation's commitment to *Aatmanirbhar Bharat*, aligning deeply with the ethos of the *Swadeshi movement* promoting local enterprise, indigenous innovation and sustainable economic growth, according to an official statement. The fair, organised by the India Trade Promotion Organisation (ITPO), is a platform for business collaborations, technology exchange and investment partnerships. As many as 11 countries including Thailand, Malaysia, Sweden, China, South Korea, Turkey, Egypt, UAE, Iran, Lebanon and Tunisia are presenting their products and innovations at the International Pavilion, the statement said.

Besides, participating states and Union Territories are also showcasing their distinct strengths, crafts and innovations across thematic halls. Bihar, Rajasthan, Maharashtra and Uttar Pradesh are the Partner States, while Jharkhand has been designated as the Focus State, it said.

## Singapore-based man held in Delhi bank fraud case: CBI

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

The CBI has arrested a Singapore-based man from a hotel near Delhi's Indira Gandhi International Airport in connection with a ₹32-crore bank fraud, officials said on Friday.

The man, identified as Rajesh Bothra, was traced and picked up by the agency following a tip-off about his arrival in Delhi. The fraud case stems from a complaint by the Punjab National Bank (PNB), which alleged that ₹31.60 crore were swindled by Frost Infrastructure and Energy Pvt Ltd (FIEL), its directors, unidentified public servants, among others, according to a Central Bureau of Investigation (CBI) statement.

The agency said the FIEL siphoned off Letter of Credit (LC) proceeds by submitting forged bills of lading, fraudulently depicting trade between the FIEL and two firms — FAREAST and Gulf Distribution Ltd — which belonged to Bothra.




It was alleged that the company defrauded the bank by availing the Foreign Letter of Credit (FLC) limit from the bank, it said.

"Investigation so far has revealed that Bothra played an active role in the conspiracy with the company FIEL and its directors, by providing bogus bills of lading and falsely showing sale and purchase transactions of the FIEL with FAREAST and Gulf Distribution Ltd," a CBI spokesperson said.

The bogus bills were submitted by the FIEL to the bank, through which the company siphoned off the LC proceeds, causing a "wrongful loss of approximately ₹32 crore to PNB", according to the spokesperson.

AVG LOGISTICS
AVG LOGISTICS LIMITED
Regd Office: 25, DDA Market, Savita Vihar, Delhi-110092
Corporate Office: 102, 1st Floor, Jhilmil Metro Complex Delhi-110095
CIN: L60200DL2010PLC198327; email- praveen@avglogistics.com
Website: www.avglogistics.com; Ph: +91 8527291062

Publication of Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the Quarter and Half year ended September 30, 2025

Board of Directors of the Company at the meeting held on November 13, 2025 considered and approved the unaudited financial statements of the Company for the Quarter and Half year ended September 30, 2025.

Financial Results alongwith Limited Review Report and Investor Presentation have been hosted on the website of the Company and can be accessed by scanning the below QR code.

For **AVG Logistics Limited**
Sd/-
Sanjay Gupta
Managing Director
DIN:00527801

Date: 13.11.2025
Place: Delhi

कार्यालय नगर निगम, देहरादून
पत्रांकः–245(V.A)
(ई–निविदा सूचना)
दिनांक 14.11.2025
नगर निगम देहरादून द्वारा केदारपुरम स्थित कांजीहाउस (देहरादून) व शंकरपुर (सेलाकुई) स्थित गौसदन पर आश्रित निराश्रित गौवंशीय पशुओं को खिलाने के लिये खाद्य सामग्री की आपूर्ति करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है तथा निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण ई–निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है।

| कार्य का विवरण | आगणन धनराशि (रुपये में) | निविदा शुल्क (18% जी0एस0टी0 सहित) | धरोहर राशि निक्षेप (EMD @ 2% of Estimated Cost) | निविदा डाले जाने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. केदारपुरम स्थित कांजीहाउस (देहरादून) व शंकरपुर (सेलाकुई) स्थित गौसदन पर आश्रित निराश्रित गौवंशीय पशुओं को खिलाने के लिये भूसा एवं अन्य पशु खाद्य सामग्री की आपूर्ति करने हेतु। | 1,60,00,000/– | 5,900/– (पाँच हजार नौ सौ रूपये) | 3,20,000/- | 17.11.2025 से 01.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। | 02.12.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे। |
| 2 केदारपुरम स्थित कांजीहाउस (देहरादून) व शंकरपुर (सेलाकुई) स्थित गौसदन पर आश्रित निराश्रित गौवंशीय पशुओं को खिलाने के लिये साबुत हरी घास की आपूर्ति करने हेतु। | 1,10,00,000/– | 5,900/– (पाँच हजार नौ सौ रूपये) | 2,20,000/- | 17.11.2025 से 01.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। | 02.12.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे। |

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून